तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 महेश नवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा धार्मिक व संस्कृति ...



12 अहिवारा में नहीं तहसीलदार, नायब ...



## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में चोरी करने वाला पकड़ा गया

**भिलाई।** चोरी के एक मामले में पुलिस ने अपचारी बालक व युवक को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया भिलाई स्टील फेब्रिकेटर फैक्ट्री है। इस दौरान विनय गोयल ने पुलिस में शिकायत किया है कि 30 मई को फैक्ट्री बंद कर अपने घर चला गया था। वापस फैक्ट्री में आने पर देखा कि आफिस के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। अज्ञात ने फैक्ट्री का सारा सामान पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद सामान गायब मिला। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की खोजबीन शुरु की गई। सूचना पर पुलिस ने लगे सीसी कैमरा खंगालना शुरु किया। हुलिया के आधार पर खुर्सीपार निवासी दीपक विश्वकर्मा को पकड़कर पूछताछ करने पर अपचारी बालक के साथ मिलकर फैक्ट्री में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की सम्पत्ति को जब्त की गई।

### अवैध शराब के साथ 7 गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले 7 युवकों को पुलिस ने पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र के धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग, एफसीआई गोदाम बरगद पेड़. चबूतरा के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सिकोला भाठा निवासी हरिदर्शन से 86 पौवा शराब नगदी 9120 रुपए, एफसीआई गोदाम के पास से उरला निवासी राहुल दास मानिकपुरी से 87 पौवा शराब नगदी 8920 रुपए जब्त की गई। इसी प्रकार ग्राम घोरारी के सार्वजनिक शौचालय के पास से हिम्मत लाल बंजारे 10 लीटर कच्ची शराब, ओम प्रकाश मारकण्डे 10 लीटर कच्ची शराब, नंदिनी नगर में धमधा निवासी धूलेश्वर पटेल से 29 पौवा शराब, द्वारिका साहू से 21 पौवा शराब, भूषण साहू 16 पौवा शराब जब्त किया गया।

### लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि एकता नगर दुर्गा मंदिर खुर्सीपार निवासी राजा बाबू शर्मा ट्रक बाडी मे मजदूरी का काम करता है। बजाज फाइनेंस एजेंट घनश्याम शर्मा ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी की है। पैसे की जरूरत पड़ने पर पीड़ित ने लोन के लिए बजाज फाइनेस कंपनी में फोन के माध्यम से पता। जहां घनश्याम साहू बजाज फाइनेंस कंपनी च्रंदा मौर्या टाकीज सुपेला में लोन डिपाटमेंट मे काम करता है।

# कबीर पंथ मेला स्थल में फलदायी 108 पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सहयोग संस्था ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला मुख्यालय के समीप कबीरपंथी मेला स्थल ग्राम लोलेसरा में कबीरपंथी अनुयायियों व क्षेत्र के सामाजिक जनों की मौजूदगी में 108 पौधारोपण का कार्य किया।

गौरतलब हो कि बेमेतरा की सामाजिक संस्था सहयोग बीते 2001 से लगातार जल, जंगल व जमीन के कार्य पर जुटी हुई है और उनके द्वारा अब तक जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। जो अब एक विशाल पेड़ में तब्दील हो चुके हैं। इन्हीं अभियानों के तहत गुरुवार लोलेसरा गांव में कबीर पंथ के मेला स्थल पर 108 पौधों का रोपण किया गया। बता दें कि अच्छी बात यह है कि संस्था शासन से किसी प्रकार की मदद नहीं लेती वही हरियाली लाने आम लोगों के सहयोग से पौधारोपण का कार्य करती है। गुरुवार आयोजित इस पौधारोपण कार्य का सारा व्यय श्री ज्वेलर्स एवं भूतड़ा परिवार ने किया। सहयोग संस्था के इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक जनों व मीडिया क्षेत्र के लोगों ने वृक्षारोपण के कार्यों में हाथ बताया इस दौरान संस्था की कार्यों की सराहना करते हुए पेड़ काटने के बजाय पेड़ लगाने की परंपरा को जीवंत करने वाली समिति बताते हुए सराहना किया ▶▶| शेष पेज 13 पर

## सहयोग संस्था का पौधारोपण का आह्वान



### योजना बनाय जहां पर प पेड़ न हो

कार्यक्रम को संस्था के रमन काबरा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की क ई योजनाओं में सिर्फ पेड़ काटना और विकास करना ही है हम लंबे समय से देख रहे हैं सड़क बिजली लाइट, भवन या अन्य किसी प्रकार का निर्माण कार्य हो उसमें अगर पेड़ आ जाए तो निर्दयता से काट देते हैं इससे विकास के साथ साथ विनाश भी हो रहा है इस पर ध्यान केंद्रित करें और वहां योजना बनाय जहां पर प पेड न हो। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रमुख सदस्य राजकुमार साहू ने किया आभार व्यक्त डॉक्टर लालाराम साहू ने किया। कार्यक्रम में पत्रकार दिनेश दुबे, सुरेश वर्मा,राजेंद्र वर्मा, चिमन वर्मा, विजेंद्र वर्मा ,भुवन वर्मा ,अशोक वर्मा सहित जिला मुख्यालय बेमेतरा ग्राम बैजी, लोलेसरा , केवाची,गांगपुर ,मानपुर पिकरी समेत अन्य गांव के लोग सहयोग संस्था के सभी सदस्य कबीर पंथ के अनुयायी व पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ भव्य आयोजन वन मंत्री ने रुद्राक्ष और खाद्य मंत्री ने चंदन के पौधे लगाए

# पर्यावरण संरक्षण सरकार ही नहीं बल्कि हर नागरिक की है जिम्मेदारी : मंत्री केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद स्टेडियम के पास एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने चंदन का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी श्रीनिवास राव सहित अन्य अतिथियों ने भी तक़रीबन 200 पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पीपल पेड़ की पूजा की।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात और अलग-अलग मंच से एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आव्हान करते हैं

वन मंत्री केदार कश्यप और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जल-वन-जनः एक प्राकृतिक बंधन अभियान के अंतर्गत शहर के टाउनहॉल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया और जिले में जल-वन-जन अभियान के तहत चल रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। वन मंत्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि "पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जल, जंगल और जमीन को बचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पेड़ लगाना तो पहला कदम है, असल जिम्मेदारी उसकी देखरेख और संरक्षण करना है।





### पेड़ों के सुरक्षा और सेवा हमारी संस्कृति

हमारी संस्कृति में पेड़ों को पानी देना और उनकी सेवा करना पुरानी परंपरा है। यही परंपरा हमें निभानी होगी, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ वातावरण में सांस ले सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात और अलग-अलग मंच से एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आव्हान करते है। यह एक जनआंदोलन के रूप में उभरना चाहिए। हम सबको एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देख रेख भी करनी चाहिए * उन्होंने कहा कि जल संकट की गंभीरता को समझना जरूरी है। "आज पानी बिक रहा है, ये सोचने वाली बात है। हमें जल संरक्षण के लिए हर संभव उपाय करने होंगे। किसानों से आग्रह है कि धान की जगह कम पानी वाली फसलें अपनाएं, ताकि जल संकट पर काबू पाया जा सके।

वन मंत्री ने शिक्षा, जल संसाधन और कृषि विभाग के के साथ अन्य। विभाग के अधिकारियों और कार्यक्रम में उपस्थित किसान,नागरिक, महिलाओं से भी कहा कि वे स्कूल परिसरों, तालाबों और पंचायत क्षेत्रों,घरों के आसपास में वृक्षारोपण करें और पौधों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि "हर व्यक्ति को पेड़ लगाने के साथ ही उन्हें बचाने की जिम्मेदारी लेनी होगी। पानी के संरक्षण में जन भागीदारी सबसे जरूरी है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## घठोली स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे लगाए



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला घठोली विकासखंड नवागढ़ में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर,2.0 के अन्तर्गत पेड़ माँ के नाम में नवाचारी शिक्षिका यामिनी बर्मन, प्रधान पाठक इन्द्रजीत साहू, शिक्षक कृष्ण कुमार तिवारी ने एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत पेड़ लगाए। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख सेवती लक्ष्मी नारायण मस्ताना, उपसरपंच चन्द्रिका साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना निषाद, SMC अध्यक्ष प्यारेलाल साहू, संतराम ध्रुव, कैलाश साहू, बोधि ध्रुव, सीताराम गोड़,रतनू निषाद, युगल किशोर हिरवानी, एवं प्राथमिक शाला घठोली के छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षिका यामिनी बर्मन ने बताया वृक्षारोपण के महत्व पेड़ों से शुद्ध आक्सीजन, मृदा संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग को कम करता है। वन्यजीवों को आवास प्रदान करता है। प्रधान पाठक इन्द्रजीत साहू ने बताया कि पेड़ो से होने वाले लाभ वायु मंडल में $CO_2$ को कम करता है। शिक्षक कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि पेड़ लगाने से जल संरक्षण कैसे कर सकते हैं। नवाचारी शिक्षिका यामिनी बर्मन ने सभी जन प्रतिनिधियों एवं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। प्राथमिक शाला घठोली के सभी शिक्षक, छात्र, छात्राओं, एवं जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

## पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प



**नवागढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ द्वारा स्थानीय मुक्तिधाम दाऊबंद के पास में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए सैकड़ों पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम सिंह ठाकुर, पार्षदगण राहुल खुराना, जीवन सिंहा, भूपेंद्र सिंह जांगड़े, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हेमंत सोनकर, वसीम खान, रमेश सिंहा आदि उपस्थित रहे।वही नगर पंचायत के सीएमओ बसंत कुमार लोन्हारे, उप अभियंता अजय सिंह पैकरा, लेखापाल महीतोष शर्मा, राजस्व प्रभारी प्रवीण बोयरे, पीआईयू के श्रीश तिवारी, संजय यादव, जीतराम, विनोद, मिलन, विश्वजीत, रामकुमार, कुशाल, अरुण, भीखम, खुलेश, राहुल, शिवेंद्र, अभिषेक, टिकेश्वर समेत समस्त सफाई कर्मचारी एवं स्थानीयजन भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए। नगर पंचायत सीएमओ बसंत लोन्हारे ने कहा कि वृक्षारोपण ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। इस प्रकार के आयोजन से पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ती है और समाज में हरियाली लाने का संदेश भी जाता है। नगर उपाध्यक्ष सोम सिंह ठाकुर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की बढ़ती चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। हम सभी को मिलकर प्रकृति के संरक्षण के लिए जिम्मेदारी निभानी चाहिए। पौधे लगाकर ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

# हत्या की नीयत से गले पर किया था वार 1 माह से फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

मारो पुलिस चौकी क्षेत्र में एक माह पूर्व हुए हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने तीसरे फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अजित कुर्रे को गुरुवार को संबलपुर क्षेत्र से पकड़ा गया। इससे पहले दो अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 अप्रैल को पुटपुरा निवासी महेन्द्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 8:30 बजे जब वह अपने घर के पास स्थित बंद किराना दुकान के सामने बैठा था, तभी तीन अज्ञात युवक बिना नंबर की बाइक में सवार होकर आए। मुंह में कपड़ा बांधे इन युवकों में से एक ने बात करने के बहाने पास आकर धारदार हथियार से उसके गले पर वार किया। महेन्द्र ने बचाव किया, जिससे उसके गाल में गंभीर चोट आई। पुलिस ने पहले इस मामले में बीएनएस की धारा 118(1), 109 के तहत मामला दर्ज किया था। विवेचना में सामने आया कि हमलावरों की मंशा हत्या की थी, जिस पर धारा 109, 3(5) एवं 61(2) बीएनएस की वृद्धि की गई।

### अब तक तीन आरोपी पकड़े गए

इस मामले में पहले दो आरोपियों – श्याम पासवान (28 वर्ष, निवासी कुरुक्षेत्र, हरियाणा) को 26 अप्रैल को और जसवंत कांठले उर्फ जस्सी (22 वर्ष, निवासी संबलपुर, थाना नवागढ़) को 26 मई को गिरफ्तार किया गया था। तीसरा आरोपी अजित कुर्रे (20 वर्ष, निवासी संबलपुर) घटना के बाद से फरार था, जिसे पुलिस ने गुरुवार को पकड़ लिया।

**टीम में इनका रहा विशेष योगदानः** इस सफलता में एएसआई जितेन्द्र कश्यप के साथ प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, आरक्षक दीपक साहू, साधराय कौशल, संजू नाथ योगी सहित अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

# मानसिक रोगी ने खेत के पेड़ पर लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागांव कला - झेलियापुर मार्ग स्थित खेत में शुक्रवार को एक युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान तरुण मल्लाह उम्र लगभग 30 वर्ष पिता मनराखन मल्लाह, निवासी देवरी पण्डरिया के रूप में हुई है।

परिजनों के मुताबिक, तरुण की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह करीब दो माह से छिरहा में अपने रिश्तेदारों के यहां रहकर इलाज करा रहा था। गुरुवार को वह घर सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच घर से निकला और खेत में गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए नवागढ़ अस्पताल भिजवाया। पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित तीन बच्चों को छोड़ गया है, जिसमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### माफिया-प्रशासन के गठजोड़ हुआ उजागर

# 347 ट्रैक्टर रेत जब्ती पर दो माह बाद भी कार्रवाई नहीं, जनप्रतिनिधि उठा रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

साल्हेपुर गांव में अवैध रेत भंडारण के खिलाफ की गई कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। 4 अप्रैल को जिला खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता और पटवारी मेघराज पटेल ने संयुक्त कार्रवाई कर 347 ट्रैक्टर रेत जब्त की थी। यह रेत ग्रामवासी उत्तम गुप्ता के सुपुर्द की गई, लेकिन 2 महीने बीतने के बाद भी प्रशासन तय दिशा में कार्रवाई नहीं कर पाया है। जब्ती के बाद न तो रेत मालिकों की पहचान हुई, न ही किसी पर केस दर्ज हुआ। 19 मई को खनिज विभाग ने नोटिस जारी कर दावा करने वालों को एक हफ्ते में शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत होने को कहा था। तय समयसीमा पूरी होने के 15 दिन बाद भी न तो नीलामी हुई और न ही जिम्मेदार अफसरों ने कोई पहल की।



### सुशासन तिहार केवल दिखावा?

जनता सवाल उठा रही है कि जब सुशासन तिहार जैसे सरकारी शिविरों में ही शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, तो फिर ऐसे आयोजनों का उद्देश्य क्या है? एक ओर शिविर में परपोड़ा के सचिव को निलंबित कर दिया गया, वहीं दूसरी ओर 347 ट्रैक्टर रेत की जब्ती जैसे बड़े मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।

### फोन नहीं उठातीं खनिज अधिकारी, जनप्रतिनिधि भी नाराज

स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब से रेत जब्त हुई है, वे लगातार खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे फोन तक नहीं उठातीं। सुशासन तिहार के दिन जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने अपने लेटरपैड पर लिखकर कलेक्टर, विधायक और जिला पंचायत उपाध्यक्ष को अवगत भी कराया था, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### रेत चोरी की शिकायत, फिर भी खामोश प्रशासन

सुपुर्द की गई रेत में से कुछ हिस्सों के चोरी होने की भी शिकायत सामने आई है। ग्रामवासियों ने इसकी जानकारी पुलिस चौकी और खनिज विभाग को दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे लोगों में यह धारणा बन रही है कि कहीं न कहीं रेत माफियाओं और अफसरों के बीच सांठगांठ है।

# श्रीराम ध्वज यात्रा की तैयारी बैठक सलधा धाम में की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

मां भद्रकाली मानस संघ ब्लॉक साजा के तत्वावधान में इस वर्ष भी श्री राम ध्वज यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक सलधा धाम में सम्पन्न हुई, जिसमें यात्रा की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।



गत वर्ष की भांति इस बार भी यह भव्य धार्मिक यात्रा समस्त भक्तों के सहयोग से आयोजित की जाएगी। इस वर्ष श्री राम ध्वज यात्रा दिनांक 14 जून 2025, शनिवार को निकाली जाएगी, जिसे गुरुदेव दंडी स्वामी श्रीमज्ज ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी के पावन सान्निध्य में प्रारंभ किया जाएगा। श्री राम ध्वज यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह राम भक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करती है। यात्रा में स्थानीय जनमानस के अतिरिक्त क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भी श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे।मां भद्रकाली मानस संघ, ब्लॉक साजा के समस्त पदाधिकारीगण एवं मानस परिवार के समस्त सदस्यों से सादर निवेदन है कि वे इस पुण्य कार्य में तन, मन एवं धन से सहयोग कर श्रीराम भक्ति की इस दिव्य धारा में सहभागी बनें।

